प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

सूचना

इस चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियो एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि इस परिसर में अवस्थित आवास/छात्रावास, जिन पदाधिकारियो/कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को इस कार्यालय से जो आवास/छात्रावास (कमरा संख्या) आवंटित किया गया है, वे सभी अपने – अपने नाम पर आवंटित आवास/छात्रावास (कमरा संख्या) में ही रहना सुनिश्चित करेंगे । प्रायः यह भी देखा गया है कि कई छात्र/कर्मचारी/पदाधिकारी अपनी सुविधा के अनुसार आपस में मैचुअल व्यवस्थान्तर्गत दूसरे के नाम पर आवंटित आवास/छात्रावास में निवास करतें है, जो सरकारी नियम के प्रतिकूल है । किसी प्रकार के संशय की परिस्थिति में अपने नाम पर आवंटित आवास/छात्रावास का सत्यापन प्राचार्य कार्यालय से निर्गत आवंटनादेश से किया जा सकता है ।

ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर का नियमित मॉनिटरींग किया जा रहा है । ऐसे परिस्थिति में जिला प्रशासन/कॉलेज प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान यदि कोई भी अपने नाम पर आवंटन आवास/छात्रावास के बजाय अन्यत्र (दूसरे के नाम पर आवंटित आवास/छात्रवास में) निवास करते हुए पकड़े जाते है, तो उन पर प्रशासनिक/अनुशासनिक कार्रवाई भी हो सकती है, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 1486/18 दिनांकः– 22-06-18

प्रतिलिपिः–

1) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/बरसर/ ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
2) आवास/छात्रावास में रहने वाले सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
3) श्री रंजीत कुमार, लिपिक/छात्र शाखा प्रभारी, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।
5) कॉलेज/छात्रावास/आवास सूचना पट्टट ।

22/6/18

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर